भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1758
मंगलवार, 03 अगस्त, 2021/12 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण

1758. श्री विवेक के. तन्खा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, संघ राज्य क्षेत्र में पर्यटकों की आमद को नियन्त्रित/प्रबंधित करने के लिए कोई नीति मौजूद है; और

(ख) यदि हां, तो यह सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा नीति क्या है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, संघ राज्य क्षेत्र के आर्थिक हितों के परिणामस्वरूप इसके प्राकृतिक पर्यावरण का विनाश न हो?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां I

(ख): अंडमान एवं निकोबार प्रशासन का उद्देश्य इस द्वीप समूह में इस प्रकार से स्थाई पर्यटन का संवर्धन करना है जिससे पारिस्थितिक संतुलन में बाधा पहुंचाए बिना इस संघ राज्य क्षेत्र में रोजगार के सृजन और आर्थिक वृद्धि में योगदान द्वारा यहां के स्थानीय समुदाय को लाभ मिल सके I इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रशासन निम्नलिखित हेतु प्रयासरत है:-

i. संवेदनशील पारिस्थितिक प्रणाली की रक्षा के उद्देश्य से इको पर्यटन का संवर्धन
ii. घरेलू बाजार तथा पूरे विश्व में सर्वोत्कृष्ट द्वीपसमूह पर्यटन गंतव्य के रूप में पर्यटक अनुकूल छवि बनाना I
iii. प्रत्येक पर्यटक द्वारा किए जाने वाले व्यय के रूप में सर्वोत्कृष्ट भारतीय पर्यटन गंतव्य बनने का प्रयास ।
iv. दक्षिण पूर्व एशियाई टूर पैकेजो के साथ इन द्वीपसमूहों की नेटवर्किंग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पर फोकस ।
v. विश्व स्तरीय अवसंरचना अर्थात होटल, रिजॉर्ट, परिवहन तथा संचार का विकास ।

*****